**Fourteenth Loksabha**

**Session : 5**
**Date : 26-07-2005**

**Participants : Bhargav Shri Girdhari Lal**

>

Title: Need to maintain Delhi-Jaipur National Highway.

**श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर)** : माननीय अध्यक्ष महोदय, दिल्ली से जयपुर तक की एक हाइवे सड़क बनायी गई थी। हर सड़क का एक गारन्टी पीरियड होता है कि वह कब तक रूकेगी। लेकिन दिल्ली-जयपुर हाइवे जीर्ण-शीर्ण हालत में है। सड़क में जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। कई जगह से तो सड़क ही गायब हो गई है। इस कारण से यातायात के आवागमन में कठिनाई होती है। मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि जिस तरह से दिल्ली-आगरा रोड़ को सीमेंट से बनाया गया है, वैसे ही दिल्ली-जयपुर रोड़ को भी सीमेंट से बनाया जाए, ताकि यह सड़क खराब न हो। क्योंकि डामर की सड़क पानी से खराब हो जाती है। वर्तमान में सड़क में जो गड्ढे हो गए हैं, उनको ठीक किया जाए। केन्द्र सरकार मदद करके दिल्ली-जयपुर रोड़ को सीमेंट से बनवाए, ताकि दिल्ली से जयपुर साढ़े चार घंटे में पहुंचने की जो बात कही गई है, वह पूरी हो सके। मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि दिल्ली-जयपुर रोड़ की मरम्मत करवायी जाए और भविय में इसको सीमेंट से बनाने का प्रयास किया जाए। मुझे उम्मीद है कि केन्द्र सरकार दिल्ली-जयपुर रोड़ को सीमेंट से बनवाने पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करेगी।

MR. SPEAKER: Shri Dushyant Singh is not here. Shri Paras Nath Yadv is not here. Now, Shri Adhir Chowdhury.